KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# Geography TEST - 03

By : Ajit Sir

1. निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से किसने यह सिद्ध किया कि सूर्य के द्रव्यमान से 1.44 गुना कम द्रव्यमान वाले तारे मृत होकर श्वेत वामन तारे (ह्वाइट ड्वार्फस) बन जाते हैं?
   (a) एडविन हबल (b) एस. चन्द्रशेखर
   (c) स्टीफेन हॉकिंग (d) स्टीवेन वेनबर्ग

2. **कथन (A) :** कृष्ण छिद्र एक ऐसा खगोलीय अस्तित्व है जिसे दूरबीन से देखा नहीं जा सकता।
   **कारण (R) :** कृष्ण छिद्र पर गुरुत्वीय क्षेत्र इतना प्रबल होता है कि यह प्रकाश को भी बच निकलने नहीं देती।
   नीचे दिए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए–
   **कूट :**
   (a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
   (b) A तथा R दोनों सही हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या है।
   (c) A सही है किन्तु R गलत है
   (d) A गलत है किन्तु R सही है

3. निकोलस कोपरनिकस प्रसिद्ध है?
   (a) दूरबीन के आविष्कार के लिए
   (b) यह बताने के लिए कि ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं न कि पृथ्वी के
   (c) कैलकुलस (Calculus) की खोज के लिए
   (d) मानव शरीर को शल्य क्रिया का अध्ययन करने के लिए

4. किसी तारे की दीप्ति किस पर निर्भर करती है?
   (a) केवल उसके आमाप और तापमान पर
   (b) उसके आमाप और पृथ्वी से दूरी पर
   (c) उसके आमाप, तापमान और द्रव्यमान पर
   (d) उसके आमाप, तापमान और पृथ्वी से उसकी दूरी पर

5. तारामंडल क्या है?
   (a) पृथ्वी से समदूरस्थ तारों की आकाश में एक विशेष आकृति (पैटर्न)
   (b) ऐसे तारों की आकाश में एक विशेष आकृति, जो पृथ्वी से समदूरस्थ नहीं हो सकते हैं
   (c) हमारे सौरमंडल के ग्रहों की आकाश में एक विशेष आकृति
   (d) अंतरिक्ष में तारों, ग्रहों और उपग्रहों की स्थिति के कारण आकाश में इनकी एक विशेष आकृति

6. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन आकाश गंगा के सन्दर्भ में सही है/हैं?
   1. यह कुण्डलिति मंदाकिनी है।
   2. सौर प्रणाली इसकी कुण्डलित भुजाओं में से एक में स्थित है।
   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
   (a) केवल 1 (b) केवल 3
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

7. सौर मण्डल से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन सही हैं?
   I. बुध ग्रह सौर मण्डल का सबसे गरम ग्रह है
   II. शनि का उपग्रह गैनीमीड सौर मण्डल का सबसे बड़ा उपग्रह है
   III. नेपच्यून उपशून्य तापमान वाले मिथेन गैस के वलयों से घिरा रहता है
   IV. फोबोस एवं डीमोस मंगल के दो उपग्रह हैं
   (a) केवल I एवं II सही हैं
   (b) केवल II एवं III सही हैं
   (c) केवल III एवं IV सही हैं
   (d) I, II, III एवं IV सभी सही हैं

8. सौर परिवार के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   1. शुक्र और यूरेनस पृथ्वी की घूर्णन दिशा के विपरीत घूर्णन करते हैं।
   2. शुक्र पृथ्वी का निकटतम ग्रह है
   नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

9. **कथन (A) :** शुक्र (वीनस) ग्रह पर मानव जीवन का होना अत्यधिक असम्भाव्य है।
   **कारण (R) :** शुक्र के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का अत्यधिक उच्च स्तर है।
   (a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
   (b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (c) A सही है, परन्तु R गलत है।
   (d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**10.** ग्रहों के बारे में निम्न में क्या सत्य है–

(a) ये प्रकाशहीन होते हैं किन्तु चमकते नहीं हैं।

(b) ये अप्रकाशमान होते हुए भी चमकते हैं।

(c) ये प्रकाशवान होते हैं किन्तु चमकते नहीं।

(d) ये प्रकाशवान भी हैं और चमकते भी हैं।

**11.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

(a) सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह – बृहस्पति ग्रह

(b) सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह – बुध ग्रह

(c) सौरमंडल का सर्वाधिक चमकीला ग्रह – शुक्र

(d) सौरमंडल का मन्दतम गति वाला ग्रह – मंगल

**12.** चन्द्रमा पर वायुमण्डल नहीं होने का क्या कारण है?

(a) यह पृथ्वी के निकट है।

(b) यह सूर्य से प्रकाश प्राप्त करता है।

(c) यह पृथ्वी की परिक्रमा करता है।

(d) इस पर गैस अणुओं का पलायन वेग उनके वर्ग माध्य मूल वेग से कम होता है।

**13.** **कथन :** चन्द्रमा पर मानव का वजन पृथ्वी की तुलना में 1/6 रहता है।

**कारण :** चन्द्रमा पर पृथ्वी की तरह गुरुत्वाकर्षण नहीं है।

**कूट :**

(a) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण कथन को सही स्पष्ट करता है।

(b) कथन और कारण दोनों सही है, परन्तु कारण कथन को सही स्पष्ट नहीं करता है।

(c) कथन सही है परन्तु कारण गलत है।

(d) कथन गलत है, परन्तु कारण सही है।

**14.** एक भू-उपग्रह अपनी कक्ष में निरन्तर गति करता है। यह अपकेन्द्र बल (Centrifugal force) के प्रभाव से होता है जो प्राप्त होता है–

(a) उपग्रह को प्रेरित करने वाले रॉकेट इंजन से

(b) पृथ्वी द्वारा उपग्रह पर लगने वाले गुरुत्वाकर्षण से

(c) सूर्य द्वारा उपग्रह पर लगने वाले गुरुत्वाकर्षण से

(d) उपग्रह द्वारा पृथ्वी पर लगने वालो गुरुत्वाकर्षण से

**15.** पृथ्वी के चारों और परिक्रमा-पथ में घूम रहे एक उपग्रह के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) उपग्रह को भूमि स्टेशन (केन्द्र) से दूरस्थ नियंत्रण (रिमोट कन्ट्रोल) द्वारा परिक्रमा-पथ में रखा जाता है।

(b) उपग्रह को पश्चगतिक रॉकेट द्वारा परिक्रमा-पथ में रखा जाता है और सौर ऊर्जा इसे पृथ्वी के चारों ओर चलायमान रखती है।

(c) परिक्रमा-पथ में घूमने के लिए उपग्रह को सौर पट्टिकाओं और ठोस ईंधनों से ऊर्जा मिलती है।

(d) परिक्रमा-पथ में घूमने के लिए उपग्रह को किसी ऊर्जा की आवश्यकता नहीं होती है।

**16.** क्षुद्रग्रहों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करने वाले विभिन्न आकारों के चट्टानी मलवे (Rocky Debris) है।
2. अधिकांश क्षुद्रग्रह छोटे हैं, किन्तु कुछ का व्यास 1000 किमी. तक बड़ा है।
3. क्षुद्रग्रहों की कक्षा बृहस्पति और शनि की कक्षाओं मे मध्य स्थित है।

इन कथनों में से–

(a) 1, 2 और 3 सही हैं (b) 2 और 3 सही हैं

(c) 1 और 2 सही हैं (d) 1 और 3 सही हैं

**17.** इस प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्नांश को उत्तर नीचे दिए गये कूट की सहायता से चुनिए–

**कथन (A) :** पृथ्वी पर एक स्थान से बढ़ते हुए अक्षांश वाले दूसरे स्थान पर किसी वस्तु का वजन घटता है।

**कारण (R) :** पृथ्वी एक परिशुद्ध गोला नहीं है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए–

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सही हैं किन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सही है, किन्तु R गलत है।

(d) A गलत है, किन्तु R सही है।

**18.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए–

1. पृथ्वी के अक्ष के उत्तरी सिरे को उत्तरी ध्रुव कहते हैं।
2. $45^o$ अक्षांश की लम्बाई विषुवत रेखा की आधी होती है।
3. पृथ्वी के अक्ष की समान्तरता है।
4. अपसौर अवस्था में पृथ्वी के परिभ्रमण की गति तीव्र होती है।

कूट :

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3

(c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 3

**19.** पृथ्वी पर मरुभूमि होने की सम्भावना अधिक रहती है–

(a) $0^o$ अक्षांश के पास (b) $23^o$ अक्षांश के पास

(c) $50^o$ अक्षांश के पास (d) $70^o$ अक्षांश के पास

**20.** अक्षांश, भूपृष्ठ पर भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण, एक बिन्दु की कोणीय दूरी है, जो–

(a) पृथ्वी के केन्द्र से मापी जाती है

(b) भूमध्य रेखा से मापी जाती है

(c) कर्क रेखा या मकर रेखा से मापी जाती है

(d) ध्रुवों से मापी जाती है

**21.** ध्रुवों पर दो क्रमागत देशान्तरों (91º E और 92º E) के बीच की दूरी क्या होगी?

(a) 0 km (b) 18 km

(c) 25 km (d) 111 km

**22.** अक्षांश के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य है,

1. अक्षांश के साथ-साथ वर्षा, तापमान और वनस्पति बदलती है।
2. सबसे बड़े दिन और सबसे छोटे दिन के बीच का अंतर बढ़ता जाता है।
3. इंदिरा स्थल (पॉइन्ट) अक्षांश के कारण 6º45' N पर स्थित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**23.** किसी जहाज को सबसे कम समय में एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिये निम्न में से किसे मार्ग बनाना चाहिए–

(a) समुद्री धारा (b) समुद्री हवा

(c) देशांतर (d) अक्षांश

**24.** प्रधान याम्योत्तर गुजरती है–

1. अल्जीरिया से 2. फ्रांस से
3. नाइजीरिया से 4. पुर्तगाल से

सही त्तर के चयन हेतु नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिये–

कूट :

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3

(c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 3

**25.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा भू-संहति को बचाते हुए टेढ़ी-मेढ़ी खींची गयी है।
2. अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा ग्रीनविच के 180º पश्चिम और साथ ही 180º पूर्व है।
3. ग्रीनविच से पश्चिम की ओर यात्रा करने वाला जहाज, अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा को पार करने पर तिथि को एक दिन पीछे कर लेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 3

**26.** दूसरी याम्योत्तर रेखाओं के विपरीत अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा टेढ़ी-मेढ़ी बनाई जाती है ताकि

(a) कुछ भूमि क्षेत्रों एवं द्वीप समूहों को उसी कैलेण्डर दिवस में रखा जा सके

(b) नाविकों के लिए अपनी घड़ी का समय समंजित करने का सुकर बनाया जा सके

(c) पूर्व से पश्चिम या पश्चिम से पूर्व की ओर जलयात्रा करने वाले नाविक, कैलण्डर में दिवस का समंजन कर सकें

(d) 180º E और 180º W को सहावसानी बनाया जा सके

**27.** निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक सही नहीं है–

(a) विषुवत वृत्त से ध्रुवों की आरे तापमान घटता जाता है।

(b) विषुवतीय क्षेत्रों में जनवरी से जुलाई के बीच तापमान में भारी बदलाव होते हैं।

(c) उप उत्तर ध्रुवीय और उत्तर ध्रुवीय प्रदेशों में अवस्थित वृहत् भू-संहतियों में शीत ऋतु में अत्यंत कम तापमान के केंद्र विकसित होते हैं।

(d) उच्च भूमियाँ सदैव आपस-पास की निम्न भूमियों से ठण्डी होती है।

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं?

(a) जलवाष्प निचले वायुमण्डल की अति परिवर्ती गैस है

(b) अधिकतम तापमान की मेखला विषुवत रेखा के सहारे पायी जाती है

(c) शीट कटिबन्ध उभ्य गोलार्द्धो ध्रुवीय वृत्त एवं ध्रुवों के बीच उपस्थित है

(d) जेट वायुधाराएँ अत्यधिक ऊँचाई की हवाएँ हैं जो धरातलीय मौसमी दशाओं को प्रभावित करती हैं

**29.** ग्रीनविच से दोपहर 12.00 बजे एक तार भेजा गया। तार संप्रेषित करने में 12 मिनट का समय लगा। वह एक नगर में 6.00 बजे सायं को पहुँचा। नगर देशान्तर होगा–

(a) 97º प. (b) 87º पू.

(c) 87º प. (d) 97º पू.

**30.** महाद्वीपों के अन्त:स्थों (Interior) का वार्षिक ताप-परिसर तटीय क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता है। इसका/इसके क्या कारण है/हैं?

1. भूमि और जल के बीच तापीय अंतर
2. महाद्वीपों और महासागरों के बीच तुंगता में अंतर
3. अन्त:स्थों में तेज पवनों की विद्यमानता
4. तटों की अपेक्षा अन्त:स्थों में होने वाली भारी वर्षा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**31.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. अधिकांश मैग्मा द्रव; ठोस एवं गैस का मिश्रण है।
2. जल वाष्प एवं कार्बन डाइऑक्साइड मैग्मा (Magma) में घुली प्रमुख गैसें हैं।
3. बेसाल्टिक (Basaltic) मैग्मा एसिडिक (Acidic) मैग्मा से अधिक गरम होता है।
4. परतदार चट्टानों (Sedimentary Rocks) के बीच क्षैतिज (Horizonatil) स्थिति में पिंडित मैग्मा को डाइक (Dike) कहा जाता है।

इन कथनों में से कौन-कौन से सही हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 1, 2 और 4

**32.** पृथ्वी का सर्वाधिक आयतन और द्रव्यमान पाया जाता है–

(a) भू-पर्पटी में (b) मैंटिल में
(c) बाह्य क्रोड में (d) आन्तरिक क्रोड में

**33.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीच दिए का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची-I (असांतत्य) | सूची-II (असांतत्य से संबद्ध भूगर्म की परतें) |
|---|---|
| A. वाइचर्ट-गुटेनबर्ग असांतत्य | 1. बाहरी क्रोड और भीतरी क्रोड |
| B. मोहरोविसिक (मोहो) असांतत्य | 2. निचला मैंटिल और बाहरी क्रोड |
| C. लेहमेन असांतत्य | 3. ऊपर मैंटिल एवं निचला पर्पटी |
| D. कोनराड असांतत्य | 4. निचली पर्पटी और निचला पर्पटी |
| | 5. पर्पटी के अन्दर सिएल और सीमा का विभाजन |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 5 | 4 | 1 | 2 |

**34.** समुद्र तल पर, जब कोई भूमध्य रेखा से दोनों में से किसी भी ध्रुव की ओर जाता है, तो मुक्त पतन त्वरण g बढ़ता जाता है। इसका क्या कारण है?

(a) पृथ्वी एक गोला है जिसका घनत्व समान है
(b) पृथ्वी एक गोल है जिसका घनत्व भूमध्य रेखीय क्षेत्रों की अपेक्षा ध्रुवीय क्षेत्रों में भिन्न होता है
(c) पृथ्वी लगभग एक दीर्घवृत्तज है जिसमें भूमध्य रेखीय त्रिज्या इसकी ध्रुवीय त्रिज्या की अपेक्षा 21 किमी. अधिक है
(d) पृथ्वी लगभग एक दीर्घवृत्तज है जिसमें भूमध्य रेखीय त्रिज्या इसकी ध्रुवीय त्रिज्या की अपेक्षा 21 किमी. कम है

**35.** स्थलमंडल (लिथोस्फीयर) किससे बना होता है?

(a) ऊपर और निचले प्रावास (मैंटल) से
(b) पपड़ी और क्रोड से
(c) पपड़ी और सबसे ऊपरी ठोस प्रावार से
(d) प्रावार और क्रोड से

**36.** दृढ़ स्थलमण्डलीय पट्ट 'प्लेट' कहलाते है। यदि महासागरीय प्लेट, महाद्वीपीय प्लेट से टकराती है तो क्या परिणाम होगा?

1. महासागरीय प्लेट, महाद्वीपीय प्लेट के नीचे घुस जाएगी
2. महाद्वीपीय प्लेट, महासागरीय प्लेट के नीचे घुस जाएगी
3. महाद्वीपीय और महासागरीय प्लेटें कभी नहीं टकराती।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से भूगर्भ के बारे में सूचना का/के प्रत्यक्ष स्रोत है/हैं?

1. भूकम्प तरंग
2. ज्वालामुखी
3. गुरुत्वीय बल
4. भू-चुम्बकत्व

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**38.** पृथ्वी के अभ्यंतर में–

(a) गहराई बढ़ते जाने के साथ तापमान गिरता है
(b) गहराई बढ़ते जाने के साथ दाब गिरता है
(c) गहराई बढ़ते जाने के साथ तापमान बढ़ता है
(d) गहराई बढ़ते जाने के साथ तापमान और दाब दोनों गिरते हैं

**39.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?

(a) पर्पटी और प्रावार के बीच पृथक्करण-तल को मोहरोविसिक असांतत्य के रूप में जाना जाता है
(b) प्रावार पृथ्वी के कुल भौतिक द्रव्यमान को दो-तिहाई से अधिक के बराबर है
(c) प्रावार पृथ्वी के गुरुतम पदार्थों से संघटित है
(d) पृथ्वी का आंतरिक क्रोड़ ठोस अवस्था में है

40. कोकोस प्लेट किनके मध्य पाई जाती है?
(a) मध्य अमेरिका तथा प्रशान्त प्लेट
(b) दक्षिण अमेरिका तथा प्रशान्त प्लेट
(c) लाल सागर तथा फारस की खाड़ी
(d) एशियाई प्लेट तथा प्रशान्त प्लेट
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

41. निम्नलिखित तत्त्वों में से कौन-से भू-पर्पटी में क्रमश: अधिकतम मात्रा और निम्नतम मात्रा में पाये जाते हैं?
(a) ऑक्सीजन और सिलिकॉन
(b) कैल्सियम और सोडियम
(c) सोडियम और मैगनिशियम
(d) ऑक्सीजन और मैगनिशियम

42. आग्नेय चट्टानों के लिए निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है?
(a) उनमें पुराजीवाश्म बहुत कम होते हैं
(b) वे जल के लिए सरन्ध्र होती है
(c) वे क्रिस्टलीय होती है
(d) इन चट्टानों में सिलिका नहीं होती है

43. परतदार चट्टानों के विषय में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. परतदार चट्टानें पृथ्वी की सतह पर जलीय तंत्र द्वारा निर्मित होती हैं।
2. परतदार चट्टानों के निर्माण में पूर्व विद्यमान चट्टानों का क्षरण सम्मिलित होता है।
3. परतदार चट्टानों में जीवाश्म होते हैं।
4. परतदार चट्टानें विशिष्ट रूप से परतों में पायी जाती हैं।
इन कथनों में से कौन-कौन से सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

44. अवसादी शैलों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) ये वे शैलें हैं, जिनकी संरचना ताप तथा दाब पर निर्भर करती है
(b) ये शैलें क्रिस्टलीय हैं
(c) ये शैलें स्तरों में निक्षेपित हैं
(d) ये शैलें जल में नहीं निर्मित हो सकती है

45. निम्नलिखित में से कौन-सी आग्नेय शैल नहीं है?
(a) गैब्रो (b) ग्रेनाइट
(c) डोलोमाइट (d) बेसाल्ट

46. शैलों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. शैल कायांतरण द्वारा स्लेट बन जाता है।
2. शैल को जब जबरदस्त दाब और उच्च ताप से प्रभावित किया जाता है तब वे स्लेट में बदल जाता है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

47. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची-I (मूल शैल) | सूची-II (कायांतरित शैल) |
|---|---|
| A. गैब्रो | 1. ऐम्फिबोलाइट |
| B. बेसाल्ट | 2. एपिडाइओराइट / सरपेन्टाइन |
| C. सैंडस्टोन | 3. स्लेट |
| D. शेल | 4. क्वार्ट्जाइट |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

48. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
1. ग्रेनाइट शैल का प्रमुख संघटक खनिज, क्वार्ट्ज है।
2. बालुकाश्म शैल का प्रमुख संघटक खनिज, फेल्डस्पार है।
3. चूनाश्म शैल का प्रमुख संघटक खनिज, डोलोमाइट है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 2 और 3

49. शैलों का रासायनिक अपक्षय किस प्रकार के स्थानों पर काफी ज्यादा होता है?
(a) शीत और शुष्क जलवायु वाले स्थान
(b) ऊष्ण और आर्द्र जलवायु वाले स्थान
(c) ऊष्मा और शुष्क जलवायु वाले स्थान
(d) शीत और आर्द्र जलवायु वाले स्थान

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. शैल अधिक समय तक अपने मूल रूप में नहीं रहते और रूपांतरित होते हैं।
2. अपक्षयण, अपरदन और कायांतरण के कारण शैलों का रूपांतरण होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**51.** ''महाविस्फोट सिद्धान्त'' संबंधित है–

(a) महाद्वीपीय विस्थापन से

(b) ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति से

(c) हिमालय की उत्पत्ति से

(d) ज्वालामुखियों के विस्फोट से

**52.** स्ट्रॉम्बोली है, एक

(a) प्रसुप्त ज्वालामुखी (b) सक्रिय ज्वालामुखी

(c) ज्वालामुखी/शांत ज्वालामुखी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** विश्व के 80 प्रतिशत सक्रिय ज्वालामुखी (Active Volcanoes) निम्नलिखित में से किस पेटियों (Belts) में पाए जाते हैं?

1. अंध महासागरीय पेटी
2. मध्य-महाद्वपीय पेटी
3. परि-प्रशांत पेटी
4. हिन्द महासागरीय पेटी

(a) 2 और 3 (b) 1 और 3

(c) 3 और 4 (d) 1 और 2

**54.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

**कथन (A) :** परि-प्रशांत मेखला सुनामी का अति संवेदनशील क्षेत्र है।

**कारण (R) :** यह मेखला विवर्तनिकी दृष्टि से अति सक्रिय क्षेत्र है और विश्व के प्रमुख भूकंपों का स्रोत है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

कूट :

(a) A तथा R दोनों सही है और A का सही स्पष्टीकरण R है।

(b) A तथा R दोनों सही है और A का सही स्पष्टीकरण R नहीं है।

(c) A यही है, किन्तु R गलत है।

(d) A गलत है, किन्तु R सही है।

**55.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए।

| सूची-I (ज्वालामुखी पर्वत) | सूची-II (देश) |
|---|---|
| A. माउण्ट रेनर | 1. इटली |
| B. माउण्ट एटना | 2. मैक्सिको |
| C. माउण्ट पेरिकुटीन | 3. फिलीपींस |
| D. माउण्ट एपो | 4. यू.एस.ए. |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**56.** निम्नलिखित भू-वैज्ञानिक परिघटनाओं (Geological Phenomenon) पर विचार कीजिए–

1. भ्रंश का विकसित होना
2. भ्रंश के साथ गतिशीलता
3. ज्वालामुखी उद्गार द्वारा उत्पन्न प्रतिघात
4. चट्टानों का वलन

उपरोक्त में से भूकम्प के कारण कौन-से हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 4

(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**57.** सर्कम पैसिफिक बेल्ट के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?

1. यह एक सक्रिय ज्वालामुखी परिमण्डल है
2. यह एक सक्रिय भूकम्पीय परिमण्डल है
3. यह एक अपसारी प्लेट परिसीमा है
4. यह सुनामी-प्रवण है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**58.** ज्वालामुखी से उत्सर्जित होने वाली अत्यधिक प्रचुर गैस है–

(a) जलवाष्प (b) हीलियम

(c) सल्फर डाईऑक्साइड (d) कार्बनडाई ऑक्साइड

**59.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से डेक्कन ट्रैप के बारे में सही है/हैं?

1. क्रिटेशस कल्प की समाप्ति के आसपास विदरी उदगार के रूप में गहन ज्वालामुखीय सक्रियता घटित हुई।
2. ज्वालामुखीय लावा क्षैतिज चादरों में फैल गया।
3. यहाँ पायी जाने वाली रेगड़ मृदा नाइट्रोजन-समृद्ध है।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) केवल 3 (d) केवल 1

**60.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची-I (ज्वालामुखी का प्रकार) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| A. गुम्बदी (शील्ड) ज्वालामुखी | 1. इन्डोनेशिया |
| B. मिश्र ज्वालामुखी | 2. भारत |
| C. ज्वालामुखी कुंड | 3. हवाई |
| D. पूर-बेसाल्ट क्षेत्र | 4. फिलीपीन्स |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

**61.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. रिक्टर स्केल एक लघुगणकीय (लॉगोरिथ्मीय) मापक्रम है, तथा इसके फलस्वरूप परिमाण मात्रक में 1 की वृद्धि आयाम के लिए 10 के गुणक को निरूपित करती है।
2. रिक्टर स्केल में प्रत्येक पूर्णांक पठन पर ऊर्जा पूर्ववर्ती पूर्णांक पठन की ऊर्जा के 100 गुना होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 तथा 2 (d) न ही 1 तथा न ही 2

**62.** भूकंपों की प्राथमिक तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) ये ध्वनि तरंगों जैसी होती है।
(b) ये केवल ठोस पदार्थों में से होकर गमन कर सकती हैं
(c) ये गैसीय, तरल और ठोस पदार्थों में से होकर गमन करती है।
(d) ये तेजी से गति करती है और सतह पर सबसे पहुँचती हैं।

**63.** भूकम्प के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. भूकम्प अधिकांशतः अभिसारी पट्टिका परिसीमाओं के समानान्तर आते हैं।
2. स्थलमण्डल में भूकम्प की उत्पत्ति का बिन्दु उद्गम केन्द्र/अवकेन्द्र कहलाता है।
3. भूकम्प की तीव्रता अधिकेन्द्र से दूरी के साथ घटती है।
4. भूकम्प का अधिकेन्द्र सदैव महाद्वीपों पर ही होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1 और 4

**64.** भूकम्प-सम्बन्धी निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भूकम्प के उद्गम बिन्दु को अधिकेन्द्र कहते हैं।
2. एक ही समय पर भूकम्प से प्रभावित स्थानों को जोड़ने वाली रेखाओं को सह-भूकम्प रेखाएँ कहते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**65.** भूकम्प के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. भूकम्प की तीव्रता को करकैली स्केल पर नापा जाता है।
2. भूकम्प का मैग्निट्यूड विमुक्त ऊर्जा की माप है।
3. भूकम्प का मैग्निट्यूड भूकम्पी तरंगों के आयाम के सीधे मापनों पर आधारित है।
4. रिक्टर स्केल में, हर पूर्णांक विमुक्त ऊर्जा के परिणाम में सौगुनी वृद्धि का निदर्शन करता है।

इन कथनों में से कौन-कौन से सही हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 1 और 3

**66.** निम्नलिखित नदियों में किसके मुहाने पर "पक्षी के पंजे" की आकृति वाला डेल्टा बनता है?

(a) ह्वांग हो (b) नील
(c) डेन्यूब (d) मिसीसिपी

**67.** ग्रान्ड कैनियन है–

(a) एक खड्ड (b) एक बड़ा तोप
(c) एक नदी (d) एक पुराना तोप

**68.** नदी मार्ग में, अंततः, जब निक्षेपण से जीर्ण विसर्प (ओल्ड मिएंडर) अवरूद्ध हो जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन सी आकृति लेती है?

(a) जलज गर्किा (b) तटबंध
(c) चाप झील (d) कछार

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नदी के अपरदन और निक्षेपण कार्य का परिणाम है?

(a) जलज गर्तिका (b) चापझील
(c) तटबंध (d) क्षिप्रिका (रैपिड)

**70.** सोपान (सीढ़ी की तरह की खड़ी ढ़ाल वाली गहरी घाटी को किस नाम से जाना जाता है?

(a) अंग्रेजी के 'U' अक्षर आकार की घाटी (यू-शेप्ड वैली)
(b) अंध घाटी (ब्लाइंड वैली)
(c) महाखड्ड (गॉर्ज)
(d) गंभीर खड्ड (कैनियन)

**71.** कथन (a) : खुले समुद्रों की लवणता अंतःसमुद्रों की लवणता की तुलना में बहुत अधिक होती है।

कारण (R) : खुले समुद्रों में मिलने वाली नदियों के जल में विलीन लवण होते हैं।

कूट :

(a) A और R दोनों सही है, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही है, परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परंतु R सही है

**72.** निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए :

1. पृथ्वी का घूर्णन
2. वायुदाब और हवा
3. महासागरीय जल का घनत्व
4. पृथ्वी का परिक्रमण

उपर्युक्त में से कौन-से कारक महासागरीय धाराओं को प्रभावित करते हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 2, 3 और 4

**73.** सारगासो समुद्र, अटलांटिक महासागर का विशाल खण्ड है जिसकी विशेषता है प्लवमान भूरा समुद्री शैवाल जिसे 'सरगासम' कहते है। यह किसके द्वारा वहन किए जाने वाले समुद्री पादपों और कचरे के निक्षेप से बनता है?

1. उत्तरी अटलांटिक धारा
2. केनेरी धारा
3. उत्तरी अटलांटिक विषुवतीय धारा

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**74.** वायुमण्डल के अधोलिखित मण्डलों को उनके पृथ्वी के धारातल से बढ़ती दूरी के अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-

1. तापीय मण्डल
2. क्षोभ मण्डल
3. समताप मण्डल
4. मध्यमण्डल

कूट :

(a) 1, 3, 4, 2 (b) 2, 3, 1, 4
(c) 3, 4, 2, 1 (d) 2, 3, 4, 1

**75.** निम्नलिखित में से कौन-से वायुमण्डल के स्तरों एवं उनके अभिलक्षणों के सुमेलन में सही है?

1. क्षोभ मंडल - मौसम संबंधी घटनाएं
2. समताप मंडल - ओजोन परत
3. आयन मंडल - पृथ्वी की सतह की ओर परावर्तित रेडियो तरंगे
4. मध्य मंडल - ध्रुवज्योति

(a) 1, 2, 3 तथा 4 (b) 1, 2 तथा 4
(c) 1, 2 तथा 3 (d) 2 तथा 3

**76.** निम्नलिखित में से वह कौन-सा सही क्रम है, जिसमें जैसे-जैसे कोई भू-पृष्ठ से दूर जाता है, गैसें वायुमण्डल से लुप्त होती जाती हैं?

(a) कार्बन डाइऑक्साइड - ऑक्सीजन - नाइट्रोजन
(b) ऑक्सीजन - नाइट्रोजन - कार्बन डाईऑक्साइड
(c) कार्बन डाईऑक्साइड - नाइट्रोजन - ऑक्सीजन
(d) नाइट्रोजन - ऑक्सीजन - कार्बन डाइऑक्साइड

**77.** तापमान के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) समतापमंडल में तापमान, ऊँचाई के साथ घटता है
(b) समतापमंडल में विभिन्न ऊँचाईयों पर तापमान नियत (एकसमान) रहता है
(c) क्षोभमंडल में तापमान 6.5°C प्रति किलोमीटर की औसत दर से ऊँचाई के साथ बढ़ता है
(d) क्षोभमण्डल में तापमान 6.5°C प्रति किलोमीटर की औसत दर से ऊँचाई के साथ घटता है

**78.** अधिकांश मौसम की घटनाएँ सम्बन्धित हैं-

(a) मध्य मंडल से
(b) समताप मंडल से
(c) क्षोभ-मंडल से
(d) आयन-मंडल से

**79.** इस प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन (A) तथा दूसरे को (R) कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीखण कर इस प्रश्नांश का उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए-

कथन (A) : भूमध्यरेखा (Equator) के ऊपर वायुमण्डल की मोटाई अधिकतम है

कारण (R) : भूमध्यरेखा के ऊपर उच्च सूर्यताप (High insolation) तथा तीव्र संवहनी धाराएँ (Strong convection currents) बहती है

कूट :

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परंतु R सही है

**80.** वायुमण्डल के किस मण्डल में एक हजार मीटर ऊपर जाने पर तापमान 6.5° सेन्टीग्रेड की दर से कम हो जाता है?

(a) मध्यमण्डल
(b) आयनमण्डल
(c) ओज़ोनमण्डल
(d) परिवर्तन (क्षोभ) मण्डल

**81.** सामान्यतया पृथ्वी की सतह से ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में घटोतरी होती है, क्योंकि

1. वायुमण्डल पृथ्वी की सतह से केवल ऊपर की ओर गर्म हो सकता है
2. ऊपरी वायुमण्डल में आर्द्रता अधिक होती है
3. ऊपरी वायुमण्डल में हवा कम घनी होती है

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**82.** पृथ्वी के वातावरण के तापमान की सामान्य ह्रास (अवनति) दर कहाँ पर 0°C तक गिरती है?

(a) आयनमंडल के ऊपरी हिस्से पर

(b) क्षोभसीमा (ट्रोपोपॉज) की ऊपरी सीमा पर

(c) मध्यमंडल के निचले हिस्से पर

(d) समताप सीमा (स्ट्रेटोपॉज़) की ऊपरी सीमा पर

**83.** पृथ्वी के वायुमण्डल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. समतापमण्डल में ऊँचाई के साथ तापमान बढ़ता है।
2. मध्यमण्डल में ऊँचाई के साथ तापमान घटता है।
3. वायुमण्डल का न्यूनतम तापमान मध्यमण्डल के ऊपरी भाग में दर्ज किया जाता है।
4. क्षोभसीमा (ट्रोपोपॉस) एक समतापी क्षेत्र है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**84.** समताप-मण्डल को जेट विमानों की उड़ान के लिए आदर्श माना जाता है, क्योंकि-

(a) इस परत में उपस्थित ओजोन के कारण ईंधन की खपत कम होती है

(b) इस परत में तापमान सम रहता है जो इंजन की दक्षता के लिए अनुकूल परिस्थिति है

(c) यह परत विमान-भेदी शस्त्रों की मारक सीमा से बाहर है

(d) इस परत में बादल तथा अन्य मौसमी घटनाएँ नहीं होतीं

**85.** समतापमंडल के निचले भाग में जेट विमान बहुत आसानी और निर्विघ्नता के साथ उड़ सकते हैं। इसका उपर्युक्त स्पष्टीकरण क्या है?

1. समतापमंडल के निचले भाग में बादल या जल-वाष्प नहीं होते।
2. समतापमंडल के निचले भाग में ऊर्ध्वाधर पवन नहीं होतीं।

इस संदर्भ में उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन इस का/के उपर्युक्त स्पष्टीकरण है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**86.** वायुमण्डलीय परतों के स्तरण सम्बन्धी निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी तूफान और मेघाच्छन्नता समताप-मण्डल तक सीमित रहते हैं।
2. पक्षाभ-मेघ क्षोभमण्डल की ऊपरी परतों पर बनते हैं।
3. समताप मण्डल 'समनमन परत' भी होती हैं?

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**87.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ओजोन मुख्यत: समतापमण्डल में पायी जाती है।
2. ओजोन की परत पृथ्वी की सतह के 55-75 km ऊपर स्थित है।
3. ओजोन, सूर्य से आने वाली पराबैंगनी विकिरण का अवशोषण करती है।
4. ओजोन परत का पृथ्वी पर जीवन के लिए कोई महत्व नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3

(c) 2 और 3 (d) 3 और 4

**88.** वायुमंडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) वायुमंडल की निश्चित ऊपरी सीमाएँ होती हैं परंतु यह धीरे-धीरे विरल हाता जाता है जब तक कि यह अनवगम्य (इम्पर्सेप्टिबल) न हो जाए।

(b) वायुमंडल की कोई निश्चित ऊपरी सीमाएँ नहीं होतीं परंतु यह धीरे-धीरे विरल होता जाता है जब तक कि यह अनवगम्य न हो जाए।

(c) वायुमंडल की निश्चित ऊपरी सीमाएँ होती हैं परंतु यह धीरे-धीरे घना होता जाता है जब तक कि यह अवनगम्य न हो जाए।

(d) वायुमंडल की कोई निश्चित ऊपरी सीमाएँ नहीं होतीं परंतु यह धीरे-धीरे घना होता जाता है जब कि यह अनवगम्य न हो जाए।

**89.** तप्त ग्रीष्म दिवस में वायु का गमन होता है। इसकी क्या वजह है?

(a) पृथ्वी पर वायु एवं मिट्टी के बीच ऊष्मा का चालन

(b) मिट्टी से विकिरण

(c) वायु की संवहन धारा

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** साफ मेघ रहित रातों की तुलना में मेघाछन्न रातें अपेक्षाकृत गरम होती हैं, क्योंकि बादल-

(a) ठण्डी लहरों को आसमान से पृथ्वी तक उतरने से रोकते हैं।

(b) पृथ्वी से छोड़ी गई ऊष्मा को परावर्तित करते हैं

(c) ऊष्मा बनाते हैं और इसे पृथ्वी की ओर विकरित करते हैं।

(d) वायुमण्डल से ऊष्मा का अवशोषण करते हैं और इसे पृथ्वी की ओर भेजते हैं।

**91.** साफ रात मेघीय रातों की अपेक्षा अधिक ठण्डी होती हैं-

(a) संघनन के कारण

(b) विकिरण के कारण

(c) आपतन के कारण

(d) चालन के कारण

**92.** निम्नलिखित में से कौन अन्य तीनों की तुलना में ज्यादा सूर्य की रोशनी परावर्तित करता है?

(a) रेत का रेगिस्तान

(b) धान की खेती की भूमि

(c) ताज़ा बर्फ से ढ़की भूमि

(d) प्रेअरी भूमि (समशीतोष्ण)

**93.** 'एल्बिडो' शब्द में क्या अर्थ निहित है?

(a) सूर्य विकिरण को अवशोषित करने की क्षमता

(b) सूर्य विकिरण के पथ को बदलने की क्षमता

(c) किसी पृष्ठ द्वारा परावर्तित लघुतरंग सौर विकिरण का अनुपात

(d) किसी पृष्ठ द्वारा वायु में प्रतिगमित सौर विकिरण की मात्रा

**94.** पृथ्वी का पृष्ठ दोपहर के 12 बजे अधिकतम ऊर्जा प्राप्त करता है किन्तु उच्चतम तापमान कभी भी मध्याह्न 12 बजे पर नहीं होता। बताइए कि निम्नलिखित में से कौन-से कारण सही हैं।

1. सौर ऊर्जा को ऊष्मा में रूपान्तरित होने में कुछ समय लगता है
2. पृथ्वी के पृष्ठ से दीर्घ-तरंग विकिरणों के द्वारा हुआ ऊर्जा को ह्रास, अपरान्ह 4 बजे पर सूर्य से प्राप्त हुई ऊर्जा से अधिक होता है
3. सौर विकिरण द्वारा पृथ्वी को प्राप्त ऊर्जा, अपरान्ह 4 बजे तक निर्गामी दीर्घ-तरंग विकिरण के कारण पृथ्वी के पृष्ठ से लुप्त होने वाली ऊर्जा से अधिक बनी रहती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**95.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीएिज -

1. सागरों के ऊपर लगभग 30° से 35° उत्तर और दक्षिण अक्षांश पर विद्यमान दो कटिबंधों में से प्रत्येक हार्स अक्षांश कहलाता है।
2. हार्स अक्षांश निम्न दाब कटिबंध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**96.** भूपृष्ठ पर निम्नलिखित में से किस एक क्षेत्र में शान्त अक्षांश (हॉर्स अक्षांश) है?

(a) विषुवतीय निम्न दाब कटिबन्ध

(b) उपोष्णीय उच्च दाब कटिबन्ध

(c) उप-ध्रुवीय निम्न दाब कटिबन्ध

(d) ध्रुवीय उच्च दाब कटिबन्ध

**97.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विश्व में, उष्णकटिबन्धीय मरुस्थल महाद्वीपों के पश्चिमी सीमातों में व्यापारिक पवन पट्टी में पाए जाते हैं।
2. भारत में, पूर्वी हिमालय क्षेत्र उत्तर-पूर्वी पवनों से अधिक वर्षा प्राप्त करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**98.** क्या कारण है कि विश्व के प्रमुख उष्ण मरूस्थल, उष्णकटिबन्धीय अक्षांश के पश्चिमी भाग में पड़ते हैं?

(a) वे व्यापारिक पवन से प्रभावित हैं

(b) वे पर्वतों के वृष्टि-छाया क्षेत्रों में पड़ते हैं

(c) वे मानसूनी पवन से प्रभावित हैं

(d) वे शुष्क पवन से प्रभावित हैं

**99.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में, व्यापारिक पवन के प्रभाव के कारण पूर्वी खंडों की तुलना में महासागरों के पश्चिमी खंड अधिक उष्ण होते हैं।
2. शीतोष्ण क्षेत्र में पश्चिमी पवन पश्चिमी खंडों की तुलना में महासागरों के पूर्वी खंडों को अधिक उष्ण बनाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**100.** संसार के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मत्स्यन क्षेत्र उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहाँ-

(a) उष्ण तथा शीत वायुमण्डलीय धाराएँ मिलती हैं

(b) नदियाँ सागरों में प्रचुर मात्रा में ताजा जल प्रवाहित करती हैं

(c) उष्ण तथा शीत सागरीय धाराएँ मिलती हैं

(d) महाद्वीपीय शेल्फ तरंगित है